# Activity No. 1

"आजादी का अमृत महोत्सव" दिनांक-11/08/2022

रा० म० बिलासपुर ("प्रभात फेरी")

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कैम्पेन के तहत महाविद्यालय के एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग के 112 कैडेट्स ने अन्य 70 स्टॉफ मैम्बर्स के साथ मिलकर प्रभात फेरी में हिस्सा लिया। प्राचार्या प्रो० नीना वासुदेवा की उपस्थिति में यह प्रभात फेरी महाविद्यालय परिसर से होते हुए कॉलेज चौक, गुरुद्वारा चौक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (छात्रा) पाठशाला, रा० व० मा० (छात्र) पाठशाला बिलासपुर से होते हुए महाविद्यालय परिसर तक निकाली गई। सबने देशभक्ति के गाने गाते हुए लोगों को प्रेरित किया।

## बिलासपुर कॉलेज में निकाली प्रभातफेरी

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के स्टाफ और छात्रों ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रभातफेरी निकाली। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा ने की।

प्रभातफेरी कॉलेज प्रांगण से सुबह निकाली गई। इसमें महाविद्यालय स्टाफ सहित एनसीसी आर्मी विंग, एनसीसी गर्ल्स विंग, एनसीसी नेवल विंग, रोवर रेंजर्स और एनएसएस के कैडेटों ने भारी बारिश में भाग लिया। प्रभातफेरी महाविद्यालय चौक, गुरुद्वारा चौक से होते हुए राजकीय वरिष्ठ कन्या पाठशाला और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र बिलासपुर से होते हुए गुरुद्वारा चौक से वापस महाविद्यालय परिसर तक निकाली। सबने देश भक्ति के गाने गाते हुए लोगों को प्रेरित किया।

प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियां की जा रही हैं।

Renu Kumari

NCC Army Girls Wing (CTO)

Assistant/Associate Professor
GPGC Bilaspur (H.P.)

Principal

Principal
Govt. College Bilaspur (H.P.)

Activity No. 2

"हिन्दी दिवस" दिनांक :- 14/09/2022

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के NCC आर्मी गर्ल्स विंग, हिन्दी विभाग और गणित विभाग ने हिन्दी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसमें एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग के 48 कैडेट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो० नीना वासुदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व कविता पाठ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए राष्ट्रभाषा का होना अनिवार्य है। भाषण प्रतियोगिता में NCC कैडेट्स अनामिका पहले स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्रो० कटवाल, प्रो० अंजु, प्रो० राजेश, प्रो० बंसल, प्रो० राधे श्याम, प्रो० अजित और प्रो० रेनु उपस्थित रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में अनामिका पहले नंबर पर

## बिलासपुर में करवाई प्रतियोगिताएं, हिंदी के प्रचार-प्रसार पर दिया बल

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-बिलासपुर

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में बुधवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्या नीना वासुदेवा ने शिरकत की। इस दिवस का आयोजन, हिंदी विभाग, गणित विभाग व एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग ने सामूहिक रूप से किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता राष्ट्र के [illegible] के लिए राष्ट्रभाषा का होना अनिवार्य है, जो किसी भी राष्ट्र के लिए महत्त्वपूर्ण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि आज हिंदी देश के कोने-कोने में बोली जाती है और इसे लोग आसानी से समझ और बोल सकते हैं। इस अवसर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए डाक्टर पीएस कटवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में अंग्रेजी का प्रचलन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। [illegible] अपने जीवन में हिंदी भाषा को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया [illegible] हम [illegible] भाषण प्रतियोगिता [illegible] प्रथम



स्थान प्राप्त किया, जबकि ज्योति व सरिता ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कविता पाठ में कल्पना प्रथम स्थान पर रही, जबकि प्रिया व कौशल ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जासूसी सदन जिसमें सचिन व पिंटू [illegible] स्थान पर रहे, जबकि [illegible] स्थान [illegible] सदन जिसमें [illegible] व कृतिका रहे। तृतीय स्थान में सूर सदन रहा, जिसमें अंजलि व पूजा तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. नरेंद्र बंसल, डा. अजीत तथा प्रो. रेनु ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान डाक्टर पीएस कटवाल, प्रोफेसर अंजु शर्मा, डा. राजेश कुमार, डा. राधे श्याम व डा. रेना [illegible] भी उपस्थित रहे।

भाषण प्रतियोगिता :- प्रथम स्थान – अनामिका (NCC) (B.A. प्रथम वर्ष)
द्वितीय स्थान – ज्योति (B.A. तृतीय वर्ष)
तृतीय स्थान – सरिता (B.A. " ")

Renu Kumari
NCC Army Girls Wing
(CTO)

Assistant/Associate Professor
GPGC Bilaspur (HP)

Principal
G.C. Bilaspur

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)

## Activity No. 3

"फुट पोलिशिंग रैली"  दिनांक :- 16/09/2022

"Drug Abuse Awareness & Prevention"

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग के 47 कैडेट्स ने Drug Abuse Awareness & Prevention theme पर रैली निकाली। जिसे प्राचार्या प्रो० नीना वासुदेवा ने हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर, कॉलेज चौक से होते हुए गुरुद्वारा चौक तक निकाली गई। इस अवसर पर पूर्व ए. एन. ओ. लैफ्टिनैंट बंसल, डा. राधेश्याम और वर्तमान एन. सी. सी. सहायक अधिकारी डा० रेनु कुमारी उपस्थित रहे।




बिलासपुर : राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन.सी.सी. आर्मी गर्ल्स विंग के कैडेट्स कालेज परिसर से नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता रैली निकालते हुए। (विशाल)

### कैडेट्स ने रैली निकाल बताए नशे के दुष्प्रभाव

बिलासपुर, 16 सितम्बर (विशाल): राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन.सी.सी. आर्मी गर्ल्स विंग के कैडेट्स ने एन.सी.सी. सहायक अधिकारी डा. रेनू कुमारी के नेतृत्व में नशे के दुष्प्रभावों पर रैली निकाली। रैली की शुरूआत महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. नीना वासुदेवा ने की।

उन्होंने अपने संबोधन में कैडेट्स को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया और रैली को महाविद्यालय से रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू हुई और कालेज चौक से गुरुद्वारे चौक तक निकाली गई। इस अवसर पर पूर्व ए.एन.ओ. लैफ्टिनैंट बंसल और डा. राधेश्याम उपस्थित रहे।

Renu Kumari
NCC Army Girls Wing (CTO)
NCC Army Girls Wing GPGC Bilaspur (HP)

Principal
Principal
Govt. College Bilaspur (HP)

# Activity No. 4

"एन. सी. सी. ऑफिस निरीक्षण" दिनांक – 26/09/22

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में Adm SUB MAJ NAROTAM CHAND ने एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग का निरीक्षण किया। उन्होंने एन० सी० सी० विंग ऑफिस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वह सभी 48 कैडेट्स से मिले और उन्हें परीक्षा (बी० और सी) से आधारित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सबसे पहले एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग की सहायक अधिकारी से एन० सी० सी० गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु कैडेट्स से विस्तृत चर्चा की।

Narotam
Adm Sub Maj
Sh. Narotam Chand

Renu Kumari
NCC Army Girls Wing (CTO)
Assistant Professor GPGC Bilaspur (HP)

Principal
G.C Bilaspur
Principal Govt. College Bilaspur (HP)

# Activity No 5.

"मेंहदी प्रतियोगिता" दिनांक – 1/10/22

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन. सी. सी. आर्मी गर्ल्स विंग ने मेंहदी प्रतियोगिता बड़ी धूमधाम से मनाई। जिसमें एन. सी. सी आर्मी गर्ल्स विंग के सभी कैडेट्स (50) उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. नीना वासुदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सहायक अधिकारी एन.सी.सी. आर्मी गर्ल्स विंग डॉ. रेनु कुमारी मौजूद रही और कैडेट्स का मार्गदर्शन करती रही और अंत में सभी की मेंहदी का मूल्यांकन प्रो. अनुप्रिया और प्रो० सोनिका सोम्बल ने किया। इस अवसर पर प्रो. अंजू, प्रो. अपर्णा, प्रो. नमर्ता डॉ. राधेश्याम, प्रो. संजू बाला, प्रो. रोहिणी, प्रो. सोनिका उपस्थित रहे।

# बिलासपुर कालेज में सजी मेहंदी प्रतियोगिता

सवेरा न्यूज/ अरुण डोगरा (बिलासपुर) : राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर प्राचार्या प्रो० नीना वासुदेवा ने शिरकत की। इस उपलक्ष्य पर एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग कैडेट्स ने महाविद्यालय की अध्यापिकाओं के हाथों में मेहंदी लगाई। इस अवसर पर प्रो० अंजू प्रो० अर्पणा प्रो० नम्रता डा. राधेश्याम डॉ० रजनी प्रो० हेमलता प्रो० सोनिया प्रो. संजू बाला प्रो० रोहिणी प्रो. सोनिका उपस्थित रहे और इसके अलावा इस मौके पर अन्य छात्राओं के हाथों में भी मेहंदी लगाई गई। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सहायक अधिकारी एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग डॉ रेणु कुमारी मौजूद रही और कैडेट्स का मार्गदर्शन करती रही और अंत में सभी की मेहंदी का मत्यांकन भी किया गया और अंत में प्राचार्य जी ने विजेताओं को परस्कत भी किया।



मेहंदी से सजे हुए छात्राओं के साथ।

## बिलासपुर कालेज में मेहंदी प्रतियोगिता

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्राचार्या प्रो. नीना वासुदेवा ने शिरकत की। इस उपलक्ष्य पर एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग कैडेट्स ने महाविद्यालय की अध्यापिकाओं के हाथों में मेहंदी लगाई। इस अवसर पर प्रो. अंजु, प्रो. अर्पणा, प्रो. नम्रता, डा. राधेश्याम, डा. रजनी, प्रो. हेमलता, प्रो. सोनिया, प्रो. संजू बाला, प्रो. रोहिणी, प्रो. सोनिका उपस्थित रहे और इसके अलावा छात्राओं के हाथों में भी मेहंदी लगाई गई। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सहायक अधिकारी एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग डा. रेणु कुमारी ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। अंत में सभी की मेहंदी का मूल्यांकन भी किया गया तथा अंत में प्राचार्या ने विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।

Principal
Govt. College Bilaspur
Principal
G.C. Bilaspur

Renu Kumari
Dr. Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
GDGC Bilaspur (HP)
NCC Army Girls Wing
(CT8)

# Activity No. 6

"राष्ट्रीय एकता दिवस" दिनांक - 31/10/2022

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन० सी० सी० गर्ल्स आर्मी विंग के 14 कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर शपथ ली। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्या प्रो० नीना वासुदेवा के दिशा निर्देशानुसार करवाया गया। कैडेट्स ने एन० सी० सी० अधिकारी के साथ शपथ ली कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरपूर प्रयास एवम् प्रयत्न करेंगे। उन्होंने अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी संकल्प लिया। यह शपथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवम् कार्यों [illegible] देश की एकता को बनाए रखने के संकल्प से

National Unity Day

| S.No. | Regimental No. | Signature |
|---|---|---|
| 1. | HP/20/SWA/288430 | Yashika |
| 2. | HP/20/SWA/288432 | Palak chandel |
| 3. | HP/20/SWA/288418 | Sangeeta |
| 4 | HP/21/SWA/288119 | Shobha |
| 5 | HP/21/SWA/288139 | Anshika |
| 6 | HP/21/SWA/288125 | Riya |
| 7 | HP/21/SWA/288135 | kanu |
| 8 | HP/21/SWA/288120 | Tara |
| 9 | HP/21/SWA/288123 | Chetna |
| 10 | HP/20/SWA/288421 | Smriti Raghuvanshi |
| 11. | HP/21/SWA/288141 | Anuradha |
| 12. | HP/20/SWA/288431 | Gowri Sharma |
| ~~13~~ | ~~Jyoti Kumari~~ | |
| 13. | HP/21/SWA/288122 | Jyoti Kumari |
| 14 | HP/21/SWA/288130 | Parul |

Renu Kumari
Associate Professor
GPGC Bilaspur (HP)
NCC Army Girls' Wing (CTO)

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G. C. Bilaspur

# Activity No. 7

"विश्व एड्स दिवस" दिनांक :- 01/12/2022

आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन० सी० सी० आर्मी विंग और एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग के (50 कैडेट्स) द्वारा विश्व एड्स दिवस पर एक जागरूकता रैली निकाली। जिसे प्राचार्या नीना वासुदेवा ने हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर, कॉलेज चौक से होते हुए गुरुद्वारा चौक तक निकाली गई। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग व स्लोगन से भी लोगों को एड्स के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर प्रो. विकास चंदेल और प्रो० रेनु कुमारी भी बच्चों के साथ रैली में गए।

**एनसीसी आर्मी विंग ने जागरूकता रैली निकाली**

बिलासपुर,( आपका फैसला )। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में गुरुवार को एनसीसी आर्मी विंग व एनसीसी आर्मी विंग(महिला) के द्वारा



विश्व एडस दिवस पर एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कॉलेज चौक और गुरुद्वारा चौक से होते हुए वापिस कॉलेज ग्राउंड में समाप्त हुई। प्राचार्या नीना वासुदेवा नें रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ प्रो. रेणु व प्रो. विकास चंदेल भी मौजूद रहे। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग व स्लोगन जैसी अन्य गतिविधियों में भाग लिया व लोगों को एडस के बारे में भी जागरूक किया। रैली में लगभग 50 बच्चे मौजूद रहे।

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
GPGC Bilaspur (HP)
NCC Army Girls Wing
(CTO)

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No 8

"ATC 2022" (18th Dec to 17th Dec 2022)

Date :- 19/12/2022

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग के 30 कैडेट्स ने बड़ू साहिब, सिरमौर में आयोजित ATC कैम्प में हिस्सा लिया। इस कैम्प में महाविद्यालय के द्वितिय और तृतीय वर्ष के कैडेट्स ने हिस्सा लिया। यह कैम्प बड़ू साहिब

Scanned with OKEN Scanner

में 10 दिसम्बर 2022 से 17 दिसम्बर 2022 तक चला। इस कैम्प में उन्होंने राइफल्स को खोलना व जोड़ना, कंपास मैप रिडिंग व फायरिंग की जानकारी प्राप्त की। इस कैम्प में कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैडेट पारूल ने पब्लिक स्पीकिंग प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता वहीं महाविद्यालय की कैडेट्स रीया, तारा देवी, अनुराधा, चेतना, काजल ठाकुर और पारूल ने ग्रुप सॉग में प्रथम स्थान अर्जित किया।

Renu Kumari
NCC Army Girls Wing
(CTO)
Assistant/Associate Professor
GPGC Bilaspur (HP)

Principal
Principal
Govt. College Bilaspur

"G-20 अध्यक्षता" दिनांक :- 28/02/2023

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आज एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग के द्वारा एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक अधिकारी डॉ रेनू कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष G-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है जिसका थीम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है उन्होंने कहा कि हमें इस धरती को हरा भरा बनाए रखने के लिए समस्त जीव जंतुओं और पेड़ पौधों को बचाना होगा। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां पर्यावरण की दृष्टि से संरक्षित हो सकें। अंत में कैडेट गौरी शर्मा ने भी इस थीम पर अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग की 28 कैडेट्स मौजूद रही।

## एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य पर व्याख्यान

बिलासपुर । बिलासपुर पीजी कॉलेज में मंगलवार को एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग के द्वारा एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग की सहायक अधिकारी डॉ. रेनू कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है जिसका थीम, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। उन्होंने कहा कि हमें इस धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए समस्त जीव जंतुओं और पेड़-पौधों को बचाना होगा । आज प्रदूषण की समस्या के चलते पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है जिसका समाधान हम सबको मिलकर ढूंढना होगा ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां पर्यावरण की दृष्टि से संरक्षित हो सके । इस कार्यक्रम के अंत में कैडेट गौरी शर्मा ने भी इस थीम पर अपने विचार साझा किए ।

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
NCC Army Girls' Wing
(CTO)

Principal
Govt. College Bilaspur (H.P.)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No. 9

"राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2023" दिनांक :- 02/03/23

आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग की कैडेट्स ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2023 को ऑनलाईन माध्यम से सुना। जिसमें लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के चौथे संस्करण को संम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी युवा प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कक्ष कई ऐतिहासिक और गौरवशाली अवसरों का साक्षी रहा है, जिसमें ब्रिटेन से भारत को सत्ता का हस्तांतरण और संविधान का निर्माण भी शामिल है। श्री अनुराग ठाकुर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, 'आप वर्तमान हैं और इस देश का भविष्य भी आप ही बनाएंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि देश को अमृत काल से स्वर्णिम काल तक ले जाने के लिए राष्ट्र निर्माण में युवा ही सबसे आगे रहेंगे। सभी कैडेट्स (38) ने हर एक के वक्तव्य को बड़े ही उत्सुकता और हर्षोल्लास से सुना।

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
NCC Army Girls' Wing
(CTO)

Principal
Govt. College Bilaspur (H.P.)
Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 10

"भाषण प्रतियोगिता" दिनांक :- 07/03/2023

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग की सहायक अधिकारी डॉ. रेनू कुमारी के नेतृत्व में आज एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य थीम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एन० सी० सी० गर्ल्स विंग की 26 कैडेट्स उपस्थित रहीं। इस प्रतियोगिता में कैडेट पारुल ने अपने भाषण में कहा कि हमें आज जरूरत है कि हम न केवल अपने घर को ही साफ सुथरा रखें बल्कि हमारा दायित्व है हम इस धरा को भी साफ सुथरा रखें। इस भाषण प्रतियोगिता में पारुल ने प्रथम स्थान, अनामिका ने दूसरा और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो० नवेन्दु बंसल, डॉ. राधेश्याम और डॉ. हेमा ने निर्णायक मंडल की अहम भूमिका निभाई।

## भाषण प्रतियोगिता में पारुल प्रथम व अनामिका द्वितीय



बिलासपुर कालेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद प्रतिभागी आयोजकों व स्टाफ सदस्यों के साथ • जागरण

संवाद सहयोगी, बिलासपुर : राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग की सहायक अधिकारी डा. रेणु कुमारी के नेतृत्व में जी-20 प्रेजिडेंसी एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में पारुल ने अपने भाषण में कहा कि हमें आज जरूरत है कि हम न केवल अपने घर को ही साफ सुथरा रखें बल्कि हमारा दायित्व है हम इस धरा को भी साफ सुथरा रखें। इस दौरान करवाई गई भाषण प्रतियोगिता में पारुल ने प्रथम स्थान, अनामिका ने दूसरा और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो नविंदु बंसल, डा. राधेश्याम और डा. हेमा ने अहम भूमिका निभाई।

Renu Kumari
Associate Professor
NCC Army Girls' Wing
(CTO)

Principal
Principal
Govt. College Bilaspur

Debate on One Earth, One family, One future Date - 07/03/20

| Sr. No. | Reg No | Name |
|---|---|---|
| 1. | HP2022SWA288102 | Himani Thakur |
| 2. | HP2022SWA288108 | Anamika Sharma |
| 3. | HP2022SWA288106 | Sapna Devi |
| 4. | HP2022SWA288103 | Indra Devi |
| 5. | HP2022SWA288112 | Priya |
| 6. | HP2022SWA288111 | Anisha |
| 7. | HP2022SWA288099 | Lina Sharma |
| 8. | HP2022SWA288092 | Neha |
| 9. | HP2022SWA288098 | Reshma |
| 10. | HP2022SWA288417 | Priya |
| 11. | HP2022SWA288104 | |
| 12. | HP2022SWA288096 | Sonika |
| 13. | HP/21/SWA/288120 | Veena Devi |
| 14. | HP/21/SWA/288/131 | Cdt. Tara Devi |
| 15. | HP/21/SWA/288136 | Cdt. Keyal Thakur |
| 16. | HP/20/SWA/288416 | Cdt. Shivani |
| 17. | HP/21/SWA/288122 | Cdt. Manu |
| | | LCPL Jyoti Kumari |
| 18. | HP/20/SWA/288431 | SUO Gouri Sharma. |
| 19. | HP/20/SWA/288426 | UO Shalini Sharma. |
| 20 | HP/20/SWA/288420 | Cdt. Muskan Sharma. |
| 21 | HP/20/SWA/288423 | Cdt. Priya Jha |
| 22 | HP/21/SWA/288116 | LCPL SHILPA |
| 23 | HP/21/SWA/288132 | Cdt. Sarita Devi |
| 24 | HP/21/SWA/288141 | Cdt. Anuradha |
| 25 | HP/21/SWA/288119 | Cdt. Shobha |
| 26. | HP/20/SWA/288417 | Sgt. Shivani Raguvanshi |

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 11

"प्रदूषण के दुष्परिणाम" दिनांक:- 14/03/2023

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग के कैडेट्स ने आज सहायक अधिकारी डॉ. रेनू कुमारी के नेतृत्व में प्रदूषण के दुष्परिणाम पर रैली निकाली। जिसे प्राचार्या नीना वासुदेवा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कालेज चौक से होते हुए गुरुद्वारा चौक तक निकाली गई। इस अवसर पर प्रो. हरवंश लाल शर्मा, प्रो. जगवीर सिंह चन्देल और डॉ. राधेश्याम उपस्थित रहे। इस रैली में 21 कैडेट्स ने भाग लिया।

**प्रदूषण के दुष्परिणाम पर निकाली जागरूकता रैली**

उधर, राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन.सी.सी. आर्मी गर्ल्स विंग के कैडेट्स ने एन.सी.सी. सहायक अधिकारी डा. रेनू कुमारी के नेतृत्व में प्रदूषण के दुष्परिणाम पर रैली निकाली। रैली की शुरूआत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा ने की।




बिलासपुर : राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन.सी.सी. आर्मी गर्ल्स विंग के कैडेट्स प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जागरूकता रैली निकालते हुए। (विशाल)

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
GPGC Bilaspur (HP)
NCC Army Girls' Wing
(CTO)

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No. 12

"विश्व पर्यावरण दिवस" दिनांक- 05/06/2023

आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग की 27 कैडेट्स ने ऑनलाईन माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। जिसका शुभारम्भ एन० सी० सी० सहायक अधिकारी डॉ. रेनू कुमारी ने किया। कैडेट्स रेशमा, अनामिका, ईशा देवी, ज्योति, प्रिया और शिल्पा ने बहुत ही सुन्दर स्लोगन और चार्ट बनाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। वहीं दूसरी और प्रिया बंसल और

Scanned with OKEN Scanner

टीना कैडेट ने पौधा लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

Renu Kumari
NCC Army Girls' Wing
(CTO)
Assistant/Associate Professor

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
G.C. Bilaspur

## Activity No. 13

स्वच्छता अभियान दिनांक - 20/07/23

आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एन० सी० सी० आर्मी गर्ल्स विंग की 25 कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आरंभ किया। जिसका शुभारम्भ एन० सी० सी० सहायक अधिकारी डॉ० रेनु कुमारी ने किया। कैडेट्स ने इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके तहत उन्होंने महाविद्यालय के नए परिसर और पुराने परिसर को साफ किया। इसके बाद डॉ. रेनु कुमारी ने सभी कैडेट्स को इस अभियान के सही ढंग से करने के लिए उनकी प्रशंसा की।




Renu Kumari
Dr. Renu Kumari
NCC Army Girls' Wing
(CTO)
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
G.C. Bilaspur

# Activity No. 14

दिनांक - 08/08/2023

## "स्वच्छता रैली"

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की शाखा एन॰ सी॰ सी॰ गर्ल्स आर्मी विंग की 35 कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया जिसके तहत सहायक अधिकारी "डॉ॰ रेनू कुमारी" की निगरानी में महाविद्यालय परिसर से लेकर कॉलेज चौक, गुरुद्वारा चौक होते हुए लोगों को जागरूक करने हेतू रैली निकाली गई। रैली में प्रयोग किए गए नारों के द्वारा लोगों तक संदेश पहुंचाया गया।







Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing
[CTO]

Principal
Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
G.C. Bilaspur

## Activity No. 15 "स्वतंत्रता दिवस" दिनांक - 15/08/23

आज 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभावसर पर रा.कै.को (बिलासपुर) गर्ल्स आर्मी विंग की 10 कैडेट्स ने स्वतंत्रता दिवस परेड में भाग लिया। इस समारोह की तैयारियां लगभग एक हफ्ते से राजकीय विद्यालय (छात्र) बिलासपुर के मैदान में चल रही थी। इस शुभ दिन पर बतौर मुख्यातिथि श्री R.S. Bali जी ने शिरकत की जो हि.प्र. सरकार के कैबिनेट मंत्री के पद पर एवं हि.प्र. पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हि.प्र. पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में रहे थे। उन्होंने सभी कैडेट्स को स्वतंत्रता दिवस की एवं समारोह में भाग लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।







Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing
[CTO]

Principal Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
G.C. Bilaspur

## Activity No. 16 "पौधारोपण पर जागरूकता रैली" दिनांक - 19/08/23

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की रा.कै.को. गर्ल्स आर्मी विंग की कैडेट्स ने कॉलेज परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में 36 कैडेट्स ने भाग लिया। "पौधे मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट"

Scanned with OKEN Scanner

जैसे नारों के साथ कैडेट्स ने लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के बारे में जागरूक किया ताकि पर्यावरण स्वच्छ एवं सुन्दर बन सके।







Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing
[CTO]

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No. 17

दिनांक - 09/09/23

"पुनीत सागर अभियान पर जागरूकता रैली"

रा॰कै॰को॰ गर्ल्स आर्मी विंग की कैडेट्स ने आज के दिन राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर से एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में लगभग 42 कैडेट्स ने भाग लिया। "पुनीत सागर अभियान" जिसका उद्देश्य समुद्र के तटों को स्वच्छ रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस संदर्भ में कैडेट्स ने एक क्षेत्रीय बावड़ी को भी साफ किया था। कैडेट्स ने जोशपूर्ण नारों के साथ लोगों तक संदेश पहुंचाया और इस रैली को सफल किया।









Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing [CTO]

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal [G.C. Bilaspur]

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 18

दिनांक – 31/10/23

"एकता दिवस के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतिस्पर्धा"

रा.कै.को. गर्ल्स आर्मी विंग द्वारा महाविद्यालय परिसर में मेहंदी प्रतिस्पर्धा का आयोजन करवाया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिस्पर्धा का निरीक्षण 'श्रीमती नीना वासुदेवा' प्राचार्या जी द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त इस दिन एकता दिवस के महत्त्व को भी ध्यान में रखा गया। जिस प्रकार मेहंदी विभिन्न प्रकार की संस्कृतियों को जोड़ती है, उसी प्रकार सभी छात्राओं ने अनेकता में एकता को दर्शाते हुए सहयोगी भाव का परिचय दिया। प्रतिस्पर्धा में उत्तीर्ण रही छात्राओं को पुरस्कारों से नवाज़ा गया।







## मेहंदी स्पर्धा में प्रिया बंसल रहीं प्रथम

### राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी आर्मी विंग, रोवर रेंजर और सी सेल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा ने की।

इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में प्रिया बंसल ने पहला, मनीषा, निवेदिता, करिश्मा ने दूसरा और रोजी खान, मिस्बाह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर डॉ. प्रेम सिंह कटवाल ने राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। मेहंदी प्रतियोगिता में डॉ. नम्रता पठानिया, प्रो. अनुप्रिया और प्रो. पूजा ने निर्णायक मंडल के रूप में अपनी भूमिका निभाई। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर जय महलवाल और डॉक्टर रेणु ने बताया कि इसमें एनसीसी आर्मी विंग, रोवर रेंजर और अन्य लड़कियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



बिलासपुर कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस पर उपस्थित प्राचार्य और छात्राएं। संवाद

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing [CTO]

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Bilaspur

# Activity No. 19

दिनांक - 25/11/23

'एन.सी.सी. दिवस का आयोजन'

रा.कै.को. गर्ल्स आर्मी विंग द्वारा आज के दिन महाविद्यालय परिसर में एन.सी.सी. दिवस मनाया। इस आयोजन में बॉयस आर्मी विंग भी कार्यक्रम का संयुक्त हिस्सा रही। इस उपलक्ष्य पर विभिन्न कैडेट्स ने भाषण प्रतियोगिता, कविता गायन, गीत गायन एवं पोस्टर बनाने जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। गर्ल्स आर्मी विंग की 40 कैडेट्स इस अवसर पर उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त गर्ल्स आर्मी विंग की कुछ कैडेट्स द्वारा हिमाचली नृत्य की एक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।




Renu Kumari
CTO
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 20

दिनांक - 1/12/23

'विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली'

रा.कै.को. गर्ल्स आर्मी विंग की लगभग 38 छात्राओं द्वारा आज के दिन एड्स दिवस पर कॉलेज परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। 'एड्स है जानलेवा बीमारी; इसे मिटाना सबकी जिम्मेवारी' जैसे नारे लगाकर कैडेट्स द्वारा लोगों को जागरूक करने का एक लघु प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त कैडेट्स ने विभिन्न पोस्टरों द्वारा भी लोगों को एड्स से बचने का संदेश दिया।







Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
CTO Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No. 21

'वार्षिक प्रशिक्षण शिविर' दिनांक - 21/12/23

'ATC-134'

दिनांक 11-12-23 से लेकर 20-12-23 तक आयोजित दस

दिवसीय एन.सी.सी. के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में लगभग 29 कैडेट्स ने भाग लिया। यह कैम्प हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशन्स' में आयोजित किया गया जो हिमाचल प्रदेश के काला अम्ब, सिरमौर जिले में पड़ता है। कैम्प के शुरुआती दिवस पर एन.सी.सी. प्रमुख कमांडिंग ऑफिसर श्री संजय शांडिल जी' [प्रमुख - 7 HP गर्ल्स बटालियन सोलन] ने कैडेट्स को अनुशासन से रहने एवं सभी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कैम्प में बिलासपुर महाविद्यालय की गर्ल्स आर्मी विंग से कैडेट पारुल ने एकल गायन में द्वितीय एवं बैस्ट कैडेट में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दस दिवसीय शिविर में प्रातःकाल व्यायाम, विभिन्न खेल जैसे कि वॉलीबॉल, कबड्डी आदि द्वारा भी कैडेट्स का प्रोत्साहन बढ़ाया गया। कैम्प में गैस्ट लैक्चर भी आयोजित किए जाते थे, जिसमें बाहर से आई विभिन्न सुप्रसिद्ध हस्तियों से कैडेट्स प्रश्न-उत्तर कर सकते थे। इस प्रकार यह दस दिवसीय कैम्प अच्छे प्रकार से आयोजित किया गया।

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)

Dr. Renu Kumari
NCC Girls' Wing
(CTO)

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)

Principal
G.C. Bilaspur

~~[CTO] NCC Girls' Army Wing~~

~~[Principal] G.C. Bilaspur.~~

# Activity No. 22

'राष्ट्रीय महिला दिवस' दिनांक - 13/02/2025

13 फरवरी को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 'राष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन किया गया। यह आर्मी विंग एवं गणित विभाग का संयुक्त कार्यक्रम था। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. नीना वासुदेवा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर आर्मी विंग गर्ल्स से, डॉ. रेनु, वर्तमान एन. सी. सी. सहायक अधिकारी, आर्मी विंग बॉयस एन. सी. सी. सहायक अधिकारी डॉ. जय महलवाल आदि उपस्थित रहे जो महाविद्यालय में गणित के भी प्राध्यापक हैं। यह राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन महाविद्यालय परिसर में पहली बार किया गया। इसमें आर्मी विंग बॉयस और गर्ल्स के लगभग 60 कैडेट्स उपस्थित रहे जिनमें से 20 कैडेट्स गर्ल्स आर्मी विंग के थे।

## पीजी कॉलेज में एनसीसी आर्मी विंग और गणित विभाग ने मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस




देवभूमि मिरर/बिलासपुर

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी आर्मी विंग एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय महिला दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर नीना वासुदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के आरंभ में एनसीसी कैडेट गगन ठाकुर ने कार्यक्रम में आए 100 कैडेट्स और गणित विभाग के बच्चों तथा प्राध्यापकों का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने संक्षिप्त रूप में सबको आज के विशेष दिन की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर जय महलवाल ने राष्ट्रीय महिला दिवस विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि वैसे तो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। जिसकी शुरूआत ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और डेनमार्क से हुई थी। अधिकारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसको मान्यता 8 मार्च 1975 में दी गई और भारतवर्ष में 13 फरवरी 2014 से महिलाओं द्वारा किए गए उनके कार्यों तथा अधिकारों के लिए उनकी भूमिका के लिए इस दिन को विशेष रूप से याद किया जाता है और इसे सरोजिनी नायडू जिनको नाइटेंगल ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद कैडेट अभिषेक ठाकुर ने महिला दिवस एक दिन ही नहीं, बल्कि यह एक अवसर है जब हम महिलाओं के प्रति सम्मान समानता और समर्थन को प्रकट करते हैं,

Renu Kumari
[CTO] Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No. 23

'एथलेटिक मीट का आयोजन' दिनांक -23/02/24

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 23 फरवरी को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर महाविद्यालय की आचार्या प्रो॰ नीना वासुदेवा ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थिती दी। कार्यक्रम में प्रो॰ जगवीर ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर, कन्वीनर डॉ॰ प्रेम सिंह कटवाल, कॉर्डिनेटर डॉ॰ सुरेंद्र सिंह ने भी शिरकत की। इस अवसर पर गर्ल्स आर्मी विंग की दो कैडेट्स सी॰वी॰एल॰ अनामिका शर्मा एवं एल॰सी॰पी॰एल॰ सपना ने पायलेटिंग करते हुए मुख्यातिथि को मंच तक पहुंचाया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर गर्ल्स आर्मी विंग के लगभग 50 कैडेट्स मौजूद रहे, साथ ही कॉलेज परिसर में लगभग 2000 बच्चों ने एकसाथ मार्चपास्ट किया। इसके साथ ही खेलकूद में ऊंची कूद, लंबी कूद, 200 मी॰ दौड़, 400 मी॰ दौड़, 800 मी॰ दौड़, अध्यापकों के लिए डांसिंग चेयर आदि प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

Renu Kumari

Dr. Renu Kumar
NCC Army Girls' Wing
(CTO)

Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)

Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 24

"एनसीसी बी-सी प्रमाणपत्र परीक्षा का परिणाम" दिनांक- 26.5.24

"2023-24 सत्र"

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग की कैडेट्स ने बी. एवं सी. सर्टिफिकेट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करके महाविद्यालय का नाम रोशन कर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्राओं के आने वाले भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गई एवं अन्य छात्रों को भी सीख लेने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन के अन्य प्रोफेसर भी मौजूद रहे।

## एनसीसी बी-सी प्रमाणपत्र परीक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी गर्ल्स विंग की कैडेट्स ने बी और सी प्रमाणपत्र परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस साल एनसीसी गर्ल्स विंग की बी प्रमाणपत्र परीक्षा में 14 कैडेट्स और सी प्रमाण पत्र परीक्षा में 15 कैडेट्स ने भाग लिया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कैडेट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनसीसी गर्ल्स विंग की सहायक अधिकारी डॉ. रेनू कुमारी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रवण, कैप्टन जय महलवाल ने भी कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रो. रंजीत कौशल, प्रो. सुरजीत चंदेल. प्रो. भूमेंद्र, प्रो. अंजू, प्रो. अपर्णा, प्रो. मोनिका सहित अन्य उपस्थित रहे।



बिलासपुर कॉलेज में एनसीसी बी और सी प्रमाणपत्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने वाले कैडेट्स। संवाद

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
CTO
Army Girls' Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No. 25

"विश्व पर्यावरण दिवस : 5 जून"

दिनांक- 05/06/24

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग की छात्रा कैडेट्स द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली संयुक्त रूप से महाविद्यालय परिसर के दो अन्य विंग नेवल विंग एवं आर्मी (मिश्रित) विंग के साथ निकली गई। कैडेट्स ने नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर प्राचार्य पी.एस. कटवाल द्वारा कैडेट्स को पर्यावरण का महत्व बताया गया एवं उन्हें बधाई दी कि उनके प्रयासों से समाज को किस प्रकार से लाभ पहुंचता है। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर के अन्य शिक्षक प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. नवेंदु बंसल, प्रो. रितु शर्मा एवं प्रो. राधे श्याम आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के बारे में किया जागरूक

### बिलासपुर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी, गर्ल्स विंग एवं नेवल विंग के कैडेट्स ने संयुक्त रूप से विश्व पर्यावरण दिवस एवं विश्व महासागर दिवस मनाया। कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर से नैना माता मंदिर, कोसरियां वाटर टैंक एवं कोसरियां सेक्टर सात तक पर्यावरण संबंधी जागरूकता रैली निकाली।

कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रवण ने कैडेट्स को पर्यावरण के बारे में अवगत करवाया। कैप्टन डॉ. जयचंद ने कैडेट्स को पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यकारी प्राचार्य ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी। उन्होंने कैडेट्स को पर्यावरण संबंधित चुनौतियां और उनसे निजात पाने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस तरह से पर्यावरण में सजीव और निर्जीव चक्र चलता रहता है।

उन्होंने विश्व महासागर दिवस के बारे में भी कैडेट्स को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. रवि प्रकाश, रिंतु शर्मा, नवेंदु बंसल, सुरेश जमवाल, डॉ. रेणु, विजय कुमार, राधे श्याम आदि उपस्थित रहे।




बिलासपुर कॉलेज में जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। संवाद

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
C To
Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 26

## "महाविद्यालय परिसर सफाई अभियान"

दिनांक- 05/08/24

5 अगस्त 2024 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी द्वारा एन.सी.सी. (बॉयस) आर्मी विंग के साथ संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर के अन्य छात्रों को भी महाविद्यालय परिसर को साफ रखने के बारे में जागरूक करना था। मुख्य रूप से कैन्टीन एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों से प्लास्टिक एवं रैपर, खाली बोतलें आदि उठा कर एक जगह इकट्ठी की गई। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा कैडेट्स को प्रोत्साहन देते हुए कहा गया कि ये कार्य अन्य महाविद्यालय के छात्रों के लिए एक सीख की तरह है कि स्वयं के महाविद्यालय को साफ रखना छात्रों की अपनी जिम्मेवारी है।

### एनसीसी आर्मी विंग ने संवारा कॉलेज परिसर

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग कैडेट्स ने महाविद्यालय प्राचार्य और एनसीसी के दिशा निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की। कैडेट्स ने प्लास्टिक रैपर और बोतलों को इकट्ठा करके एक जगह इसका निष्पादन किया। कैडेट्स ने महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को परिसर को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने एनसीसी कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा कार्य है। इससे अन्य लोगों को भी सफाई की प्रेरणा मिलती है। एनसीसी आर्मी विंग अधिकारी कैप्टन डॉक्टर जय चंद और गर्ल्स विंग अधिकारी डॉक्टर रेणु कुमारी भी कैडेट्स के साथ उपस्थित रहे। संवाद

Renu Kumari
CTO Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
G.C. Bilaspur

# Activity No. 27

"एन. सी. सी. प्रथम वर्ष कैडेट्स का चयन"

दिनांक – 09/08/24

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में दिनांक 9 अगस्त 2024 को 1 HP Girls Bn. Solan द्वारा गर्ल्स आर्मी विंग में नए कैडेट्स का चयन प्रथम वर्ष में किया गया। इस अवसर पर चयन टीम में 1 HP Girls Bn. Solan के दो पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों द्वारा छात्राओं का मैडिकल चैकअप, फिजिकल चैकअप एवं लिखित परीक्षा ली गई। 50 छात्राओं ने इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया जिसमें से 20 छात्राओं का चयन किया गया। इस मौके पर एन. सी. सी. गर्ल्स आर्मी विंग की CTO डॉ. रेनू भी मौजूद रहे।




Renu Kumari
CTO
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing

Principal
Principal
Govt. College Bilaspur (HP)

# Activity No. 28

स्वच्छता पखवाड़े पर पोस्टर मेकिंग "प्रतियोगिता" दिनांक- 21/09/24

दिनांक 21-09-24 को स्वच्छता पखवाड़ा मनाते हुए महाविद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के तीस बच्चों ने भाग लिया जिसमें से एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग की ही कैडेट मीनाक्षी प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर निवेदिता एम.एस.सी. तृतीय सैम. की छात्रा एवं तृतीय स्थान पर रीतिका बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्राएं रहीं। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल की भूमिका में अंग्रेजी विषय प्रो. अपर्णा शर्मा एवं एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग की सी.टी.ओ. डॉ. रेनू भी रहे। साथ ही साथ महाविद्यालय प्राचार्य ने विजित छात्राओं को बधाई दी।









Renu Kumari
CTO
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

# Activity No. 29

"स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर

"रंगोली प्रतियोगिता"

दिनांक - 24/09/24

24 सितंबर 2024 को महाविद्यालय बिलासपुर के परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय से विभिन्न विषयों के लगभग 25 छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंगोली का विषय 'स्वच्छता' रहा। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रो. संजीव, प्रो. अपर्णा शर्मा, प्रो. प्रियंका निर्णायक मण्डल की भूमिका में रहे। साथ ही प्रो. सोनिया, एवं एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग की सी.टी.ओ. डॉ. रेनू भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गर्ल्स विंग कैडेट प्रिया, बी.ए. तृतीय वर्ष, रिया बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष दूसरे स्थान पर एवं रीतिका बी.एस.सी. तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य महोदय द्वारा विजेताओं को बधाई दी गई।




Renu Kohsuai
Assistant/Associate Professor
CTO Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing

Principal
Principal
Govt. College Bilaspur (HP)

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 30

"आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल का आयोजन"

दिनांक- 05/10/24

दिनांक 5 अक्तूबर 2024 को आपदा प्रबंधन को मद्देनज़र रखते हुए होम गार्ड एवं अग्निशमक विभाग बिलासपुर द्वारा महाविद्यालय परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत एन.सी.सी. कैडेट्स एवं महाविद्यालय परिसर के अन्य छात्र एवं छात्राओं को भूकम्प एवं आग लगने जैसी आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए गए। प्राचार्य महोदय पी.एस.कटवाल जी द्वारा बताया गया कि समय-समय पर महाविद्यालय में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं जागरूक रहें एवं एक जागरूक नागरिक होते हुए अपने आस-पास के समाज को भी जागरूक रखें।




Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 31

## एन.सी.सी. कैडेट्स "ट्रैफिक वॉलंटियर"

दिनांक- 28/10/24

महाविद्यालय बिलासपुर के एन.सी.सी. आर्मी गर्ल्स विंग के दो कैडेट्स जिला पुलिस के सहयोग से ट्रैफिक वॉलंटियर्स के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कैडेट इंद्रा देवी एवं कैडेट वर्षा ट्रैफिक वॉलंटियर्स के रूप में जिला बिलासपुर के विभिन्न ट्रैफिक प्वॉइंटस पर अपनी ड्यूटी देते हैं। उनकी यह सेवाएं एक महीने तक चलेंगी। इससे कैडेट्स को अपने चरित्र एवं कौशल विकास की वृद्धि में सहयोग मिलेगा। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल द्वारा कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे कैडेट्स जागरूक होंगे एवं ट्रैफिक रूल्स को अच्छे से जान पाएंगे एवं अपने आस-पड़ोस में भी जागरूकता फैलाएंगे।




Ravi Kumar
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
CTO
NCC Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 31

सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
द्वारा "भाषण प्रतियोगिता"

दिनांक – 05/11/24

महाविद्यालय बिलासपुर के एन. सी. सी. गर्ल्स आर्मी विंग ने संयुक्त रूप से विजिलेंस पुलिस थाना बिलासपुर के साथ विजिलेंस अवेयरनेस वीक मनाया। इस वर्ष विजिलेंस अवेयरनेस वीक की थीम "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" थी। इस मौके पर विजिलेंस विभाग बिलासपुर के अधिकारी इंस्पेक्टर राजेश पराशर, सब इंस्पेक्टर यशपाल शर्मा, स्थानीय महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पी. एस. कटवाल, एन. सी. सी. आर्मी विंग गर्ल्स की सी. टी. ओ. डॉ. रेनू मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता करवाई गई जिसके निर्णायक मण्डल के रूप में कॉलेज के प्रो. अंजु शर्मा, डॉ. नम्रता पठानिया, प्रो. अनुप्रिया एवं प्रो. रितु निर्णायक मण्डल की भूमिका में रहे। 15 बच्चों ने लगभग इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें से एन. सी. सी. गर्ल्स विंग की की कैडेट S.U.O. अनामिका शर्मा प्रथम स्थान पर रही, एम. ए. अंग्रेजी की छात्रा अनुराधा द्वितीय एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा आंचल तृतीय स्थान पर रही। 5 नवंबर 2024 को हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को नकदी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


दिनांक – 05/11/24

भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में विद्यार्थियों का संकल्प

विजिलेंस अवेयरनेस वीक के तहत हुई भाषण प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने पढ़ा सत्यनिष्ठा का पाठ

प्रतियोगिता के विजेता




Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
CTO
NCC Girls' Army Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
Govt. College Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No. 32

दिनांक - 25.11.24

'एन. सी. सी. दिवस'

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग द्वारा संयुक्त रूप से एन.सी.सी. नेवल एवं एन.सी.सी. आर्मी ब्वॉयज़ विंग के साथ धूमधाम से रा.कै.को. की स्थापना के दिवस को मनाया। इसमें सभी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैडेट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जिनमें हिमाचली नाटी, समूह गान, एकल गान आदि सम्मिलित थे। इसके साथ ही कई कैडेट्स द्वारा एन.सी.सी. का महत्व स्पष्ट करते हुए भाषण एवं कविता की प्रस्तुति भी दी गई। इस मौके पर तीनों विंग के सीनियर प्राध्यापक मौजूद रहे। एन.सी.सी. गर्ल्स आर्मी विंग की सी.टी.ओ. मैम रेणू यादव, ब्वॉयज़ बटालियन के ~~एन.~~ ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट जयचंद महलवाल एवं ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार इस मौके पर उपस्थित रहे। एन.सी.सी. दिवस के अवसर पर प्राचार्य डा. पी. एस. कटवाल जी ने सभी बच्चों को NCC दिवस की बधाई दी और उनको आने वाले सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएँ दी।



Scanned with OKEN Scanner

# कैडेट ने साइबर अपराध के खिलाफ जगाई अलख



बिलासपुर कॉलेज में कैडेट्स, प्राचार्य और आर्मी गर्ल्स विंग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अमर उजाला 27-11-2024

## बिलासपुर कॉलेज में धूमधाम से मनाया एनसीसी दिवस

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम एनसीसी नेवल विंग, एनसीसी आर्मी विंग और आर्मी गर्ल्स विंग ने संयुक्त रूप से आयोजित किया।

कैडेट्स ने कविता, भाषण, नाटी सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एनसीसी नेवल कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर साइबर अपराध के खिलाफ लोगों को जागरूक किया।

समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने मुख्यातिथि और वरिष्ठ सह प्राध्यापक रंजीत कौशल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने सभी कैडेट्स को धर्म, जाति आदि से ऊपर उठकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी नेवल विंग अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रवण कुमार ने उपलब्धियां साझा कीं। एनसीसी आर्मी विंग अधिकारी कैप्टन डॉ. जयचंद ने कैडेट्स को अनुशासन को अपने जीवन में सर्वोपरि बनाने के लिए प्रेरित किया।

नेवल विंग के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सुरेश कुमार और आर्मी गर्ल्स विंग से डॉ. रेणु कुमारी ने एनसीसी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आर्मी विंग के तीन कैडेट्स ने पोस्टर भी बनाए थे जिनका थीम एनसीसी था। इस अवसर पर कैडेट मनीषा, अनन्या ठाकुर, प्रीति, मुस्कान, हेमलता, मीनाक्षी, कशिश आदि उपस्थित रहे।

Renu Kumari
(CTO)
Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Army Girls Wing

Principal
Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Govt. College Bilaspur

# Activity No. 33

"स्वच्छता अभियान" दिनांक - 30/11/2024

आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग और एनसीसी आर्मी विंग के 70 कैडेट्स ने संयुक्त रूप से एनसीसी सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। जिसमें एनसीसी गर्ल्स विंग की 38 कैडेट्स ने राजकीय पुस्तकालय बिलासपुर के पास स्थित जनरल जोरावर सिंह पार्क की सफाई की। और एनसीसी आर्मी विंग के 32 कैडेट्स ने संस्कृति भवन के समीप पार्क में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों को साफ किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने सभी कैडेट्स को अपना संदेश देते हुए बताया कि सफाई

Scanned with OKEN Scanner

अभियान जैसा कार्य बहुत ही प्रेणादायक कार्य है और एनसीसी कैडेट्स इसको बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

# कैडेट्स ने दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश



पुस्तकालय बिलासपुर के पास स्थित जनरल जोरावर सिंह पार्क में साफ सफाई करते एनसीसी कैडेट्स • जागरण

02-12-24 दैनिक जागरण

बिलासपुर : राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग के 70 कैडेट्स ने एनसीसी सप्ताह के अंतर्गत चल रही गतिविधियों में गर्ल्स विंग की 38 कैडेट्स ने राजकीय पुस्तकालय बिलासपुर के पास स्थित जनरल जोरावर सिंह पार्क में सफाई की। सीनियर डिवीजन के 32 कैडेट्स ने भाषा संस्कृति भवन के समीप स्थित पार्क में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों को साफ किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डा. पीएस कटवाल ने कैडेट्स को स्वच्छता पर संदेश दिया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डा. जय चंद और डा. रेणु कुमारी ने सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए ऐसे नेक कार्य के लिए प्रेरित किया। कैडेट्स ने स्वतंत्रता सेनानी पार्क से बस स्टैंड होते हुए चंपा पार्क, गांधी मार्केट, गुरुद्वारा मार्केट और कालेज चौक से महाविद्यालय परिसर तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया। (जासं)

# कैडेट्स ने दिया 'स्वच्छता ही सेवा' का संदेश



अनंत ज्ञान 02.12.2024

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग (सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग) के 70 कैडेट्स ने एन सी सी सप्ताह के अंतर्गत चल रही गतिविधियों में गर्ल्स विंग की 38 कैडेट्स ने राजकीय पुस्तकालय बिलासपुर के पास स्थित जनरल जोरावर सिंह पार्क में साफ सफाई की। सीनियर डिवीजन के 32 कैडेट्स ने भाषा संस्कृति भवन के समीप स्थित पार्क में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों को साफ किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने सभी कैडेट्स को अपना संदेश देते हुए बताया कि सफाइ अभियान जैसा कार्य बहुत ही प्रेणादायक कार्य है और एनसीसी कैडेट्स इसको बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

Renu Kumari
Assistant/Associate Professor
(CT) Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
Govt. College Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity NO. 34

"स्वच्छता अभियान" दिनांक – 11/02/2025

आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी गर्ल्स विंग के 34 कैडेट्स और एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स ने संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय परिसर के अन्य छात्रों को भी महाविद्यालय परिसर को साफ रखने के बारे में जागरूक करना था। सभी कैडेट्स ने प्रशासनिक भवन के पीछे वाले क्षेत्र को साफ किया। जहाँ जगह-जगह झाड़ियाँ उगी हुई थी। इस मौके पर डॉ. जयचन्द (ANO) एनसीसी आर्मी विंग और डॉ रेनु कुमारी (ज०) एनसीसी आर्मी गर्ल्स विंग पर मौजूद रहे और समय-समय पर बच्चों को मार्गदर्शन करते रहे। बाद में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कैडेट्स को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि ये कार्य अन्य महाविद्यालय के छात्रों के लिए एक सीख की तरह है कि स्वयं के महाविद्यालय को साफ रखना छात्रों की अपनी जिम्मेदारी है।







Scanned with OKEN Scanner



Swachhta Abhiyan in the college campus(11/02/2025)

Ram Kumar 11/02/25
(CTO) Assistant/Associate Professor
Govt. College Bilaspur (HP)
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College Bilaspur (HP)
Principal
Govt. College Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

Activity No=35 Date:-21/June/2025

## "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस"

21 जून 2025 को एन. सी. सी. गर्ल्स विंग के कैडेट्स द्वारा राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर एम्स बिलासपुर के योग विशेषज्ञ डा० भूमेश को संबोधित व्यक्ति के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने एक इंटरैक्टिव योग सत्र का आयोजन किया। वहाँ उन्होंने विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया और उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया। अपने व्याख्यान के दौरान डा० भूमेश ने इस बात पर जोर दिया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों से मुक्त रहने के लिए योग और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करना जरूरी है। इस मौके पर उन्होंने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि योग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है यह हमारे लिए जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि इसका पूरी दुनिया में जिस तरह तेजी से प्रचार हो रहा है उससे भारत का विश्वगुरु बनने का सपना साकार हो सकता है। प्राचार्य डा० पी० एस० कटवाल जी ने योग दिवस के इस शुभ अवसर पर अपने विचारों को सभी विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में गर्ल्स विंग की सभी कैडेट्स तथा अन्य एन० सी० सी० यूनिट्स के कैडेट्स व अधिकारी उपस्थित थे। इसी के साथ यह कार्यक्रम ईमानदारी और अनुशासन के साथ सम्पन्न किया गया। अंत में सभी कैडेट्स को मिठाई भी वितरित की गई।

### योग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग



...सपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य डा. भूमेश पन्त बिलासपुर ने योगाभ्यास और योग मुद्रा की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शारीरिक और मानसिक रोगों से दूर रहने के लिए योगाभ्यास और प्राणायाम बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि कालेज प्राचार्य बिलासपुर डा. पीएस कटवाल ने कहा कि योग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है यह हमारे लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि इसका पूरी दुनिया में जिस तरह तेजी से प्रचार हो रहा है उससे भारत का विश्वगुरु बनने का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ... एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर भी चर्चा की। इस कार्यक्रम में ... रेड रिबन क्लब के सदस्य, एनसीसी, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी ... विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।




Renu Kumari
21/06/25
CTO
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College
Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# Activity No.=36

**Date:- 25/June/2025**

## नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम

25 जून 2025 को एन॰ सी॰ सी॰ गर्ल्स विंग के सभी कैडेट्स ने मिलकर राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम का निवारण आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्परिणाम व इससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित और जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला रैडक्रॉस सोसाइटी और बिलासपुर के सचिव श्री अमित भी उपस्थित थे। उन्होनें छात्रों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि नशा एक मानसिक बीमारी है जो व्यक्ति के स्वास्थ्य और कल्याण को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। सत्र को और प्रभावशाली बनाने के लिए, श्री अमित ने "जनचक्र" नामक एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया और नशीली दवाओं की लत से संबंधित केस स्टडी पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ॰ पी॰ एस॰ कटवाल ने कहा नशा हमारी संस्कृति तथा युवा पीढ़ी के ऊपर एक गंभीर आघात है। उन्होनें कहा कि हमें नशे के आदी व्यक्तियों की मानसिक परिस्थिति को समझते हुए उन्हें इस बीमारी से बाहर निकलने के लिए मदद करनी चाहिए। अंत में यह कार्यक्रम ईमानदारी और अनुशासन के साथ समाप्त किया गया।

छात्रों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

बिलासपुर कालेज में नशा निवारण के संदर्भ में दी गई जानकारी



सरकार नशे के खिलाफ उठाए प्रभावी कदम : हीरापाल



Renu Kumari
25/06/25
CTO
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College Bilaspur

# Activity No. = 37

Date: 9/July/2025

## इंटरनल ग्लोरी ऑफ द आर्म्ड फोर्सिस

आज राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर में एन॰ सी॰ सी॰ के आर्मी विंग गर्ल्स द्वारा कार्यशाला द इंटरनल ग्लोरी ऑफ द आर्म्ड फोर्सिस में भाग लिया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में परमवीरचक्र विजेता सूबेदार मेजर संजय कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उनकी माता जी बाग देवी जी ने भी इस कार्यशाला की शोभा बढ़ाई। महाविद्यालय प्राचार्य डा॰ पी॰ एस॰ कटवाल द्वारा मुख्य रूप से उनकी माता जी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि संजय कुमार जी ने अपना जीवन सफ़र और कारगिल जैसे महायुद्ध की गौरव गाथा का व्याख्यान किया। जीवन में उन्होनें अनुशासन की भूमिका को सर्वोपरि कहा। उन्होनें बताया की एन॰ सी॰ सी॰ में जो एक्टीविटी कराई जाती है Army में भी वही एक्टीविटी करवाई जाती है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सभी (एन॰ सी॰ सी॰ कैडेट्स) आर्मी गर्ल्स विंग के एन॰ सी॰ सी॰ कैडेट्स उपस्थित थे। यह कार्यक्रम अनुशासन और ईमानदारी के साथ सम्पन्न किया गया।





अनुशासन व शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि : संजय

[illegible]

Renu Kumari
09/07/25

CTO
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College Bilaspur

**Activity No = 38** **Date ÷ 15/Aug/2025**

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

आज 15 अगस्त 2025 को रा० स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर की एन० सी० सी० गर्ल्स विंग द्वारा पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ भारत का 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य श्री० पी० एस० कटवाल द्वारा ध्वजारोहण से हुई जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। गर्ल्स विंग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उत्सव पर एक जोश और देशभक्ति से परिपूर्ण एक रैली निकाली गई। इसके उपरांत कॉलेज के प्राचार्य द्वारा सभी कैडेट्स को देशभक्ति के लिए जागरुक किया गया। इस समारोह में एन० सी० सी० आर्मी विंग और एन० सी० सी० नेवल विंग के कैडेट्स भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को गर्ल्स विंग की CTO श्रीमती शीतल तथा कॉलेज के अन्य एन० सी० सी० वींग के विद्यार्थी उपस्थित थे। की उपस्थिति में समाप्त किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी एन० सी० सी० कैडेट्स द्वारा ईमानदारी अनुशासन और समर्पण के साथ राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने के साथ हुआ। अन्त में विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिठाई वितरित की गई। यह आयोजन अन्ततः सफल रहा और इसमें उपस्थित सभी लोगों में देशभक्ति और गर्व की भावना जाग्रत की।







CTO Sheetal 15/08/25
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College
Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

Activity No.= 39                                                         Date:- 19/Aug/2025

## नशा मुक्त भारत अभियान

आज 19 August 2025 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन० सी० सी० गर्ल्स विंग के सभी कैडेट्स के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा० पी० एस० कटवाल ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूक किया। इस नशा मुक्त रैली में एन० एस० एस० सलाहकार समिति के समन्वयक डा० रवि प्रकाश, एन० सी० सी० गर्ल्स विंग अधिकारी शीतल धीमान, NCC अधिकारी डा० जयचन्द और सुरेश जम्वाल मुख्य रूप से शामिल थे। इस नशा मुक्त भारत अभियान में एन० सी० सी० आर्मी और नेवल विंग के कैडेट्स भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समापन सभी एन० सी० सी० कैडेट्स और एन० एस० एस० स्वयंसेवक द्वारा ईमानदारी, अनु-शासन और समर्पण के साथ भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेने के साथ हुआ।

# नशा मुक्त समाज बनाना असंभव नहीं

### नशे के विरुद्ध निकाली रैली

बिलासपुर, 19 अगस्त (विशाल): राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक युद्ध नशे के विरुद्ध श्रृंखला में एन.एस.एस. इकाई द्वारा एन.सी.सी आर्मी विंग, एन.सी.सी. नेवल विंग और एन.सी.सी. गर्ल्ज विंग के सहयोग से सांझा तौर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. पी.एस. कटवाल ने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाना असंभव नहीं है।

बस इतनी आवश्यकता है कि हम सभी एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाएं और ऐसे असामाजिक तत्वों को पनपने ही न दें जो युवाओं, किशोरों व बच्चों को इस गर्त में धकेलने में लगे हैं।

इस रैली में एन.एस.एस. के 112 स्वयंसेवियों, एन.सी.सी. आर्मी विंग के 48, एन.सी.सी. नेवल विंग के 35 और एन.सी.सी. गर्ल्ज विंग के 36 कैडेट्स ने भाग लिया।

इस नशा मुक्त [illegible] में एन.एस.एस. सलाहकार समिति के समन्वयक डा. रवि प्रकाश, एन.सी.सी. अधिकारी डा. जयचंद और सुरेश जम्वाल, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. [illegible] कुमार और एन.सी.सी. गर्ल्ज विंग अधिकारी शीतल धीमान के साथ कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. [illegible] मुख्य रूप से शामिल रहे।



बिलासपुर : नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता रैली के दौरान बिलासपुर कॉलेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवी व एन.सी.सी. कैडेट्स।







Sheetal
19/08/25
CTO
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College
Bilaspur

Activity No. = 40 Date: 9/Sep/2025

## रक्तदान कैंप

9 सितम्बर बिलासपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एन० सी० सी० आर्मी विंग (गर्ल्स) ने Red Ribbon club के साथ मिलकर रक्तदान शिविर में भाग लिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डा० पी० एस० कटवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि वास्तव में न जाने इस दान के बल पर मौत के मुँह में जा रहे कितने ही व्यक्तियों को एक नया जीवन मिला है। एन० सी० सी० गर्ल्स विंग की कैडेट्स द्वारा रक्तदान कैंप में रक्त-दान किया गया। इस कार्यक्रम में एन० सी० सी० गर्ल्स विंग की CTO शीतल धीमान तथा कॉलेज के अन्य एन० सी० सी० यूनिट्स, रैड रिबन क्लब तथा एन० एस० एस० यूनिट के विद्यार्थी तथा अधिकारी उपस्थित थे। अंत में इस अवसर पर रक्तदान शिविर में इडको के निर्देशक एवं समाजसेवी जितेंद्र चन्देल ने पंजाब केसरी द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को फल व जूस आदि वितरित किए गए।




Sheetal
CTO 9/9/25
NCC Army Girls Wing

Principal
Govt. College Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

# रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं : कटवाल

बिलासपुर, 9 सितम्बर (राम सिंह): बिलासपुर नगर के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'पंजाब केसरी' समाचार पत्र समूह के संस्थापक व मुख्य संपादक शहीद लाला जगत नारायण की 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय 'पंजाब केसरी' कार्यालय की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन डिग्री कालेज बिलासपुर के प्रिंसीपल पी.एस. कटवाल ने किया। इससे पूर्व 'पंजाब केसरी' की ओर से ब्यूरो चीफ एवं जिला प्रभारी राम सिंह द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रोफैसर मोनिषा राठौर, डा. अजीत, डा. जय महलवाल, प्रोफैसर श्रवण, प्रोफैसर अनुप्रिय और प्रोफैसर रणजीत कश्यप आदि उपस्थित थे, जिन्होंने इस रक्तदान कैंप को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई भी दान नहीं है, क्योंकि वास्तव में न जाने इसी दान के बल पर मौत के मुंह में जा रहे कितने ही व्यक्तियों को एक नया जीवन मिला है। वास्तव में रक्तदान एक प्रकार से जीवन दान का ही दूसरा नाम है।

इस अवसर पर रक्तदान शिविर में हुडको के निदेशक एवं समाजसेवी जितेंद्र चंदेल ने 'पंजाब केसरी' द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को फल व जूस आदि की व्यवस्था की।

उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में इस प्रकार के रक्तदान शिविर आयोजित करके यह समाचार पत्र अन्यों के लिए प्रेरक का काम कर रहा है।

बिलासपुर : रक्तदान शिविर में रक्तदान करने पहुंचे युवक-युवतियां व रक्तदान करते लोग। (राम सिंह)










बिलासपुर : रक्तदान करने के बाद युवक युवतियां सामूहिक चित्र में (ऊपर) व रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने को लाइन में खड़े व शिविर में सहयोग देते हुडको के निदेशक जितेंद्र चंदेल। (राम सिंह)

Activity No.=41 Date:- 25/Sep/2025

## स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर (हि॰प्र॰) की एन॰ सी॰ सी॰ आर्मी विंग गर्ल्स कैडेट्स ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एक विशेष श्रमदान गतिविधि का आयोजन किया। इस दौरान कैडेट्स ने स्वेच्छा से कॉलेज के विभिन्न भागों - जूलॉजी, बॉटनी, फिजिक्स, कैमिस्ट्री, इग्नू, बीवॉक और गणित का दौरा किया। एवं हर क्लास में जाकर छात्राओं से संवाद स्थापित किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कॉलेज वॉशरूम की सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। कैडेट्स ने ज़ोर देकर कहा कि गंदे वॉशरूम का असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि सभी छात्राओं पर पड़ता है। गंदगी और नमी से यूरिन इन्फैक्शन और अन्य गंभीर बीमारियाँ फैल सकती हैं। कैडेट्स ने छात्राओं को सामूहिक प्रयास करने और जागरुकता फैलाने की अपील की। इस अभियान में कॉलेज प्राचार्य डा॰ पी॰ एस॰ कटवाल ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल कॉलेज में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान सैनिटेशन कमेटी के संयोजक डा॰ सुर्जीत चंदेल, सदस्य मोनिका चन्देल और एन॰ सी॰ सी॰ आर्मी विंग गर्ल्स की सीटीओ शीतल धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें एन॰ सी॰ सी॰ के कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर हिमानी, अंडर ऑफिसर प्रिया, बनीता, मुस्कान, सपना, कशिश, कोमल, प्रिया, हंसिका स्नेहा के साथ अन्य कैडेट्स ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस श्रमदान अभियान ने न सिर्फ जागरुकता फैलाने का कार्य किया, बल्कि छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार और सक्रिय बनने के लिए प्रेरित भी किया।

Sheetal
C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner




एवं सहायक प्रभारी कमल ने किया।

# एनसीसी कैडेटों ने छात्राओं को किया सफाई के प्रति जागरूक

## राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में किया श्रमदान

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स कैडेटों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष श्रमदान अभियान चलाया।

इस दौरान कैडेटों ने कॉलेज के जूलॉजी, बॉटनी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, इग्नू, बीवॉक और गणित विभाग का दौरा कर हर क्लास में छात्राओं से संवाद स्थापित किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कॉलेज वॉशरूम की सफाई बनाए रखने और सही आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कैडेटों ने छात्राओं को बताया कि सेनेटरी वेस्ट जैसे नैपकिन को फ्लश करने के बजाय वॉशरूम में लगे डस्टबिन में ही डालें, ताकि पाइप जाम होने और गंदगी फैलने से बचा जा सके। उन्होंने समझाया कि यदि कोई छात्राएं झिझक महसूस करती है तो वॉशरूम में उपलब्ध डस्टबिन का उपयोग कर सकती हैं।

कैडेट ने यह भी जोर दिया कि गंदे वॉशरूम का असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि सभी छात्राओं पर पड़ता है। गंदगी और नमी से यूरिन इंफेक्शन और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। संवाद

Activity No. = 42 Date:- 16/Oct/2025

## मॉक ड्रिल

आज 16 Oct. 2025 को महाविद्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में NCC Girls Wing की Cadets ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार किया गया था। उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित की गई। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण देना, प्राकृतिक या मानवीय आपदाओं के दौरान सुर-क्षित निकासी प्रक्रियाओं को सीखना था। मॉक ड्रिल की शुरुआत स्टॉफ द्वारा आपदा प्रबंधन के महत्व पर जानकारी देकर की गई। ड्रिल के दौरान आग लगने की स्थिति बताई गई। कडेट्स ने सुरक्षित निकासी प्रक्रिया का पालन करते हुए लोगों को बाहर निकाला। Rescue team ने घायलों को सुरक्षित निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। First aid टीम द्वारा प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। सभी कडेट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।






C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal
G.C Bilaspur

Activity No. = 43 Date :- 10/oct/2025

## ट्रैफिक वॉलंटियर ड्यूटी

**यूनिट -** NCC Girls Wing

**महाविद्यालय :-** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर।

**दिनांक :-** 10 oct. 2025 to 25 oct. 2025

NCC Girls Wing की cadets पियूषिता, भावना, नेहा कुमारी और बनीता द्वारा NCC ट्रैफिक वॉलंटियर ड्यूटी में भाग लिया। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के समय पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश और प्रशिक्षण दिया जाता था। Cadets को अलग-2 स्थानों पर तैनात किया जाता था। ड्यूटी में ट्रैफिक नियमों का पालन करना, वाहनों की उचित लाइन व्यवस्था बनाए रखना, सही निर्देश देना यह सब कार्य शामिल थे। NCC गर्ल्स विंग की सभी cadets ने उत्साह और जिम्मेवारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। पुलिस अधिकारियों एवं जनता ने कैडेट्स की सेवा भावना की प्रशंसा की।






C.T.O.
NCC Army Wing C
GC Bilaspur (HP)

Principal

Scanned with OKEN Scanner

## Activity No. = 44

Date:- 27/Oct/2025

### 'आर्मी अटैचमेंट कैम्प में भागीदारी'

दिनांक 27 अक्टूबर से 7 नवंबर तक पठानकोट में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में 1 HP गर्ल्स बटालियन सोलन की दो कैडेट्स, कैडेट प्रिया (UO) और कैडेट सिमरन ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस कैंप का उद्देश्य कैडेट्स को सैन्य जीवन, अनुशासन, फिजिकल ट्रेनिंग, शूटिंग, मैप रीडिंग, फील्ड एक्सरसाइज, कमांड व टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण कौशलों से परिचित कराना था। कैम्प के दौरान दोनों कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया व अपने नेतृत्व व टीमवर्क के गुणों को दर्शाया।

कैम्प में प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाई, बल्कि सैन्य अनुशासन, समय प्रबंधन व जिम्मेदारी के मूल्य भी आत्मसात किए। इस कैम्प के पश्चात आए हुए दोनों कैडेट्स की NCC Girls wing की सी०टी०ओ० प्रोफेसर शीतल धीमान ने सराहना करते हुए कैडेट्स को प्रेरित किया।




C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal
G.C Bilaspur

Activity No.=45 Date÷22/Nov./2025

## 'एन. सी. सी. दिवस'

आज २२ नवंबर २०२५ को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में NCC Day एन०सी० सी० गर्ल्स विंग द्वारा संयुक्त रूप से NCC नेवल विंग एवं एन० सी० सी० बॉयज विंग के साथ धूमधाम से मनाया गया। इसमें सभी Cadets ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैडेट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जिनमें हिमाचली नाटी, समूह गान, एकल गान आदि सम्मिलित थे। इसके साथ कैडेट्स द्वारा NCC का महत्व स्पष्ट करते हुए भाषण भी दिया गया। NCC दिवस के अवसर पर प्राचार्य डा० पी० एस० कटवाल ने सभी बच्चों को NCC दिवस की बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। इस मौके पर तीनों विंग के सीनियर प्राध्यापक भी मौजूद थे।







C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal (G.C. Bilaspur)

Scanned with OKEN Scanner

Activity No. :- 46

Date :- 30/Nov/2025

## 'इस्कार्ट ड्यूटी (यूथ फैस्ट)'

आज दिनांक 30-नवंबर-2025 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित Youth fest कार्यक्रम में NCC Girls wing के कैडेट्स ने अनुशासन व प्रोटोकॉल का पालन करते हुए Escort Duty निभाई। इस कार्यक्रम में हमारे कॉलेज के SUO हिमानी कंवर तथा 3rd year cadet कोमल शर्मा ने प्रतिभागी के रूप में हमारे जिला के MLA श्री राजेश धरमानी जी को Escort किया। कैडेट्स ने पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था बनाए रखने, मार्गदर्शन देने तथा अतिथियों के साथ समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाई। इस दौरान कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा एन० सी० सी० कैडेट्स के अनुशासन और कार्यशैली की सराहना की गई। इस मौके पर NCC Girls wing की सी०टी० ओ० प्रोफेसर शीतल धीमान भी उपस्थित रही।



C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal
GC Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

## Activity No.=47 Date:- 28/Nov/25

### 'इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता'

एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स बटालियन की दो कैडेट्स, [LCPL] सपना कुमारी एवं कैडेट हार्शिका चन्देल, ने हाल ही में आयोजित इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता [26 नवंबर से 28 नवंबर 2025] में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दोनों कैडेट्स ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का परिचय दिया।

इस अवसर पर कैडेट्स का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन करने के लिए सी.टी.ओ. प्रोफेसर शीतल धीमान भी उनके साथ उपस्थित रहीं। उनका साथ जाना कैडेट्स के लिए प्रेरणादायक रहा तथा यह स्वयं प्रोफेसर शीतल धीमान के लिए भी गर्व और सम्मान की बात रही।

प्रतियोगिता के दौरान दोनों कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। उनकी मेहनत, लगन व खेल कौशल का परिणाम यह रहा कि उन्होंने प्रतियोगिता में उपविजेता (Second position) का स्थान प्राप्त किया।

यह उपलब्धि न केवल कैडेट्स के लिए पूरे एनसीसी गर्ल्स बटालियन एवं संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

**बिलासपुर कॉलेज रहा फर्स्ट रनर अप**



C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal
G.C. Bilaspur

Activity No. = 48 Date:- 5/Dec/2025

## 'करियर काउंसलिंग वर्कशॉप'

दिनांक 5 दिसंबर को महाविद्यालय बिलासपुर में सिविलस्टेप इंस्टीट्यूशन चंडीगढ़ के सहयोग से एक करियर काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सिविलस्टेप इंस्टीट्यूशन के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विनय जोशी ने एचएएस, HAS, एलाइड सेवाओं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा पैटर्न की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संस्थान के सफल अभ्यार्थियों के उदाहरण साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में NCC गर्ल्स बटालियन की C.T.O. प्रोफेसर शीतल धीमान भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बिलासपुर जिला के उपायुक्त CDC श्री राहुल कुमार भी उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण व कड़ी मेहनत के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. एस. कटवाल ने की। उन्होंने जिला प्रशासन व सिविलस्टेप इंस्टीट्यूशन का युवाओं के मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायक रहा।




C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner

Activity No. = 49 Date: 11/Dec/2025

## 'PI स्टाफ द्वारा एन.सी.सी. कैडेट्स के लिए प्रशिक्षण सत्र'

आज दिनांक 11 दिसंबर को महाविद्यालय बिलासपुर में 1 HP गर्ल्स बटालियन, सोलन के PI स्टाफ द्वारा एन. सी. सी. कैडेट्स के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोलन से आए PI स्टाफ ने कैडेट्स को ग्राउंड क्लास के साथ-साथ स्टडी क्लास भी करवाई। इस दौरान बटालियन की सी. टी. ओ. प्रोफेसर शीतल धीमान भी उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कैडेट्स को मैप रीडिंग, कम्युनिकेशन, कम्पास के उपयोग सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। इस दौरान स्टडी क्लास में PI स्टाफ ने आने वाले B एवं C सर्टिफिकेट की परीक्षाओं में आने वाले बदलाव के बारे में चर्चा की और कैडेट्स को परीक्षा में अच्छे ग्रेड लाने के लिए प्रेरित किया।





Sheetal
C.T.O.
NCC Army Wing Girls
GC Bilaspur (HP)

Principal
G.C. Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner